卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 110 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(उधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦27 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कलयुगी पुत्र ने की मां की गला दबाकर हत्या

देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी में कलयुगी पुत्र ने अपनी मां की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने अपने बड़े भाई को सूचना दी कि मां ने सुसाइड कर लिया है। जब भाई और पिता घर पहुंचे तो पता चला कि बेटे ने ही मां की हत्या की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी अल्सर का मरीज था उसे शक था कि उसकी मां उसे खाने में जहर दे रही है इसी को लेकर उसने मां को मौत के घाट उतार दिया। मामला प्रेमनगर थना क्षेत्र का है। प्रेमनगर निवासी 55 वर्षीय चंद्रा देवी बेटी के साथ रह रहीं थी। शुक्रवार रात किसी बात को लेकर बेटे अजय की मां के साथ बहस हो गई। है कि इस दौरान अजय ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने अपने भाई को सूचना दी कि मां ने आत्म हत्या कर ली है। सूचना पर भाई और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। (शेष पृष्ठ सात पर)

## बाघ ने एक और ग्रामीण को बनाया निवाला

रामनगर(उद संवाददाता)। ग्रामीण क्षेत्रों में बाघ का आतंक थम नहीं रहा है। शनिवार सुबह ग्राम चुकूम क्षेत्र में बाघ



ने एक और ग्रामीण को निवाला बना लिया। घटना से ग्रामीणों में दहशत के साथ ही आक्रोश है। जानकारी के अनुसार ग्राम चुकूम निवासी 60 वर्षीय गोपाल राम जंगल में



शौच के लिए गए थे। इसी बीच जंगल में बाघ ने उन पर अचानक हमला बोल दिया। बाघ गोपाल राम को मौके से करीब 200 मीटर दूर जंगल में घसीटता हुआ ले गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद गोपाल राम के परिजन व ग्रामीणों के साथ ही वन कर्मी भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद जंगल के अंदर करीब 200 मीटर की दूरी पर लहू लुहान हालत में गोपाल राम के शव को बरामद किया। घटना के बाद जहां एक और बाघ की दहशत से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है तो वहीं मृतक के परिजनों में भी कोहराम मचा हुआ है। घटना रामनगर वन प्रभाग के कोसी रेंज के अंतर्गत कुनखेत ब्लॉक की है। घटना के संबंध में वन दरोगा वीरेंद्र प्रसाद पांडे (शेष पृष्ठ सात पर)

## विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

रामनगर(उद संवाददाता)। शनिवार की सुबह ग्राम ढिकुली में रहने



वाली एक विवाहिता ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के दो छोटे मासूम बच्चे हैं। घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मचा है। बताया (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात वाहन की टक्कर घायल युवक की आठ



दिन बाद उपचार के दौरान मौत हो गयी।सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी (शेष पृष्ठ सात पर)

### हादसे में एक की मौत दूसरा गंभीर

हल्द्वानी। देर रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर रोड स्थित स्टैण्डर्ड स्वीट से भोलानाथ गार्डन को जाने वाली लिंक रोड पर शुक्रवार रात बाइक संख्या यूके 04 एई 9972 अज्ञात वाहन से टकरार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हादसे में बाइक सवार दो लोग बुरी तरह घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल बाइक सवारों को सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान घायल देवेंद्र परगाई नाम के व्यक्ति की मौत हो गयी। जबकि दूसरे व्यक्ति रमेश जोशी का उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक के परिवार को सूचित दी और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।

## हादसों में एक की मौत, दो घायल

रामनगर(उद संवाददाता)। दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक स्कूटर सवार की दूसरे वाहन से भिड़ंत में दर्दनाक मौत हो गई। वहीं ग्राम गैवुआ के समीप कार और बाइक की जबरदस्त



भिड़ंत में दोनों वाहनों में सवार दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद बाइक में आग लग गयी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात मोहल्ला टेड़ा रोड निवासी 50 वर्षीय दामोदर ववाडी अपने स्कूटर से ग्राम रिंगोडा से वापस (शेष पृष्ठ सात पर)



# अग्निकाण्ड पीड़ित व्यापारी को बंधाया ढांढस



रूद्पुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा शमशान घाट रोड ट्रांजिट कैंप स्थित कामिनी कॉस्मेटिक दुकान में लगी भीषण आग की खबर मिलने के तुरंत बाद मौके पर पहुंची, जहां उन्होंने अग्नि पीड़ित व्यापारी से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने अग्नि पीड़ित व्यापारी को विश्वास दिलाया कि वह उनकी हर संभव मदद करेगी। घटनास्थल से ही श्रीमती शर्मा ने एसडीएम सदर मनीष बिष्ट से फोन पर बात की और श्री बिष्ट को पूरी घटना के बारे में अवगत कराया, उन्होंने एसडीएम सदर श्री बिष्ट से आग्रह किया कि शासन और प्रशासन से अग्नि पीड़ित परिवार को अधिक से अधिक मदद दिलाई जाए। उन्होंने कहा की व्यापारी का सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया है,और अग्निकांड से लगभग 7 लाख रुपयों का नुकसान हुआ है। इधर एस डी एम सदर मनीष बिष्ट ने श्रीमती शर्मा को आश्वस्त किया है की वह अबिलंब पीड़ित की मदद कराएंगे। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा के साथ कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, संजीव रस्तोगी, रामाधारी गंगवार, रामप्रसाद, सुदर्शन शर्मा,अरविंद सक्सेना, जगदीश प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# घर में आग लगने से घरेलू सामान जलकर नष्ट

दिनेशपुर। अज्ञात कारणों के चलते एक मजदूर के कच्चे मकान में आग लग गई। हादसे में घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। सूचना पर राजस्व कर्मियों ने मौका मुआयना कर नुकसान का आकलन किया। बृहस्पतिवार दोपहर अमृतनगर नंबर एक निवासी मजदूर सुखचांद माली के कच्चे मकान में अचानक आग लग गई। घटना के दौरान मजदूर की पत्नी पड़ोस और उसकी मां करुना माली घर के बाहर आंगन में थी। कमरे से आग की लपटें निकलता देख करुना ने शोर मचाया तो एकत्र हुए ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। तब तक घर के भीतर रखा टीवी, फ्रिज, पंखा, बेड, बर्तन, कपड़े आदि सभी घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था। आग लगने का कारण शॉट सर्किट माना जा रहा है। परिजनों ने एक लाख रुपये से अधिक के नुकसान की बात कही है।

# कृष्णा इंटर कालेज की एनएसएस इकाई ने निकाली जनजागरूकता रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कृष्णा इंटर कॉलेज की एनएसएस यूनिट द्वारा 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' पर एक दिवसीय नियमित शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जनजागरुकता रैली से किया गया जिसे प्रधानाचार्य ललित मोहन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सुभाष कॉलोनी के विभिन्न गलियों में स्वयं सेवियों ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया व युवाओं को मतदाता पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी संजीत हालदार के दिशा निर्देश



में स्वयं सेवियों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता हेतु श्रमदान किया।बौद्धिक सत्र में विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित मोहन ने मतदाता और सही मतदान पर विस्तृत जानकारी दी उन्होंने कहा कि कैसे एक मतदाता समाज और देश को सही दिशा में ले जाने में सक्षम है। शिविर के दौरान राजकुमार जी, दीपक जी, सुनीता जी आदि मौजूद रहे।

# प्रेस क्लब में किया ध्वजारोहण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रेस क्लब प्रांगण में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य संरक्षक कैलाश जोशी व कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जोशी ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर उन्होंने सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आज के दिन हमे संवैधानिक अधिकार मिला था। इस मौके पर मुख्य संरक्षक कैलाश जोशी का जन्मदिन भी मनाया गया और उन्हें इनाम देकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महामंत्री रवि दुर्गापाल,कोषाध्यक्ष अजय चौहान,सुशील शर्मा,शाहबेज खान,अनुराग वर्मा,कमल जोशी,मोहम्मद हसनैन,फरहत भाई, कैफी भाई,देव कृष्ण कोठारी,प्रवीण चोपड़ा,गोपाल जोशी,जया जोशी, किरन हसनैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



# व्यापारी नेता बाबूलाल के निधन पर व्यापारियों ने जताया शोक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के संस्थापक संरक्षक बाबूलाल गुप्ता के निधन पर व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के संरक्षक बाबूलाल गुप्ता के निधन से व्यापारी समाज स्तब्ध है। व्यापारियों के मसीहा कहे जाने वाले बाबूलाल गुप्ता के निधन की खबर से व्यापारियों में गहरा दुख हुआ है। उनके द्वारा व्यापारियों के उत्थान हेतु उत्तरप्रदेश से अपने संघर्ष की सुरुवात की थी। अपने सहज सरल स्वभाव से व्यापारियों में अपनी अलग पहचान स्थापित की। उत्तराखंड आंदोलन में प्रमुख भूमिका निभाते हुए तिहाड़ जेल भी गये। 2 बार उत्तराखंड में अध्यक्ष रहते हुए व्यापारियों के लिए अनेकों



आंदोलन किये। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने कहा कि स्व. बाबूलाल ने सदैव व्यापारी हितों के लिए संघर्ष किया। उनके जाने से व्यापारी समाज को उनकी कमी खलेगी। उनके मार्गदर्शन पर ही ये संगठन हमेशा आगे बढ़ता रहा। उनके निधन पर प्रदेशाध्यक्ष नवीन वर्मा, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष प्रमोद गोयल, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्र शेखर पंत, कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, दिनेश पंत, रूपेंद्र नागर, शांति जीना, नवनीत राणा, दिगंबर वर्मा, हितेंद्र भसीन, महिला जिलाध्यक्ष कुसुम दिगारी, उर्वशी बोरा, युवा जिलाध्यक्ष सौरभ भट्ट, महामंत्री मधुकर बनोला, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, महिला महानगर अध्यक्ष विनीता शर्मा, महामंत्री सिद्धि सुयाल, युवा अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री कृष्णा फुलारा सहित व्यापारी प्रतिनिधियों ने दु:ख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

# वैश्य महासभा ने सुंदरकांड पाठ के साथ किया सम्मान समारोह का आयोजन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वैश्य महासभा द्वारा गणतंत्र दिवस पर रामोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के बाद पंडित विवेक शर्मा की मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया गया। आरती व प्रसाद वितरण के पश्चात वैश्य समाज के घटकों के वरिष्ठ जनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण बच्चों को भी सम्मानित किया गया। वैश्य



महासभा द्वारा इस अवसर पर भंडारे व सहभोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों के द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया। कार्यक्रम में विधायक बंशीधर भगत, दर्जा राज मंत्री दिनेश आर्य, जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, वैश्य महासभा के अध्यक्ष आलोक शारदा, महामंत्री भवानी शंकर नीरज, संरक्षक विनय लाहोटी, सुशील अग्रवाल पप्पी , बिन्देश गुप्ता, बद्री प्रसाद गुप्ता, सुरेश केसरवानी, भगवान सहाय अग्रवाल, अतुल जायसवाल कपिल अग्रहरि, पूनम अग्रवाल, उमेश गुप्ता, सीमा देवल, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रताप रैकवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरमवाल आदि उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस लोकतंत्र के मजबूती का प्रतीक: डॉ. संजय

पंतनगर( उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड जैवप्रौद्योगिकी परिषद्, हल्दी, पंतनगर में 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। परिषद के निदेशक डॉ0 संजय कुमार नें ध्वजारोहण किया और उपस्थित सभी वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए सबोंधित किया। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस सभी भारतीयों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है जो देश में लोकतंत्र के मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने सभी को राष्ट्र के निर्माण, देश के



विकास व उसके रक्षा के संकल्प के साथ पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने का आवाह्न किया। उन्होंने गणतंत्र दिवस की थीम विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की जननी की जानकारी दी। इस दौरान परिषद के वैज्ञानिक डा0 मणिन्द्र मोहन, डा0 कंचन कार्की, डा0 अनुपम आजाद, सचिन शर्मा, जितेन्द्र बोहरा, अनुज कुमार चौधरी, चन्द्रशेखर सिंह, केशव रावत, ललित मिश्रा, सौरभ पण्डा, मनोज शाह, मेधा सिंह, वैशाली, सरिता विष्ट, सोनाली सहित, लोकेश, सभी शोधार्थी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# मीना शर्मा ने कई स्कूलों में किया ध्वजारोहण

रूद्पुर( उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने देश के 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर के कई स्कूलों में तिरंगा फहराया। इसी क्रम में श्रीमती शर्मा ग्राम लमरा,नारायण कॉलोनी पहुंची, जहां उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि गोल्डन ड्रीम पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया, और सलामी ली। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन एम पी मौर्य और मालती मौर्य सहित अनेको अन्य गणमान्य लोगों ने मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा का बैच लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान श्रीमती शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। बाद में स्कूली बच्चों



द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने बच्चों को पुरुष्कृत भी किया स गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के सचिव रामाधारी गंगवार,एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष चेतन भट्ट, दिनेश मौर्य, कांग्रेस नेता अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# नारायण अस्पताल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बिलासपुर रोड स्थित नारायण अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल के एम.डी. डा. प्रदीप अदलखा एवं डा. सोनिया अदलखा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। एवं अस्पताल में लम्बे समय से सेवाएं दे रहे स्टाफ को सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ प्रदीप अदलखा ने कहा कि गणतंत्र दिवस का दिन हर भारतवासी के लिए गौरव का दिन है। इसी दिन भारत का संविधान लागू हुआ था। यह भारत का संविधान ही है जो भारत के नागरिकों को एक सूत्र में बांधे रखता है, हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध करता है। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों की शहादत की बदौलत ही हमें आजादी मिली है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होनें कहा कि आजादी को बनाये रखना सभी का कर्तव्य है। डॉ प्रदीप अदलखा ने गणतंत्र दिवस पर समस्त स्टाफ को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा लम्बे समय से सेवाएं दे रहे चिकित्सकों, स्टाफ एवं सराहनीय कार्य करने वाले स्टाफ को सम्मानित किया। अंत में मिष्ठान वितरित किया गया। इस मौके पर मोनिका करनवीर, डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. प्रशांत चौहान, डॉ. परमजीत सिंह चीमा, राजकुमार मिगलानी, पूरन सिंह मेहता, मिनाक्षी श्रीवास्तव, केसर भसीन, भीम सिंह,गगनदीप सिंह, निसार अहमद, राजीव कुमार, नीलेश कुमार, राजन सिंह,वासु, सोनम समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# स्वीप टीम के सदस्यों ने राज्य स्तरीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस संपूर्ण जनपद नैनीताल एवं राज्य भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2024 की थीम के अनुसार राजधानी देहरादून के गांधी पार्क में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जनपद नैनीताल का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वीप टीम के सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें हेल्प डेस्क की थीम पर विभिन्न तरह से स्टॉल को सजाया एवं बीएलओ के दायित्वों को समझने के लिए आराध्या मिश्रा वासुदेव लॉ कॉलेज लामाचौड हल्द्वानी, जीआईसी गुनियालेख स्काउट छात्र पंकज कुमार तथा ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल की छात्रा निकिता पलड़िया




द्वारा वालंटियर के रूप में सहयोग किया गया। राज्यपाल द्वारा निरीक्षण के दौरान स्टॉल की सराहना की गई।स्वीप समन्वयक/प्रभारी अधिकारी सुरेश अधिकारी के नेतृत्व में सह समन्वयक गौरीशंकर काण्डपाल और स्वीप सदस्य राकेश लाल ने राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विजेता 4 बच्चों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी बी षणमुगम द्वारा प्रमाण पत्र के साथ चौक प्रदान करते हुए पुरस्कृत किया।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# जानलेवा हमले के दोषी को साढ़े तीन साल की सजा

रुद्रपुर। तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने तीन साल पहले जसपुर में एक युवक पर हुए जानलेवा हमले के दोषी को साढ़े तीन साल की कैद और 20 हजार रुपये का जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोषी को 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।ग्राम ध्याननगर जसपुर निवासी सोहन लाल ने 20 नवंबर 2020 को जसपुर थाने में दी तहरीर में कहा था कि 20 नवंबर की शाम गांव के ही रहने वाले मनोज कुमार ने अपनी पिकअप से उसके बेटे हेमराज को जान से मारने नीयत से टक्कर मारी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना को जुनैद और शाकिर ने देखा था। वाहन में मनोज के साथ विकास भी मौजूद था। गांव के लोगों ने घायल हेमराज को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया था। कहा कि घटना से एक दिन पहले 19 नवंबर को मनोज, उसके भाई सत्यम और विकास ने लात घूसों से पीटने के साथ ही वाहन से कुचलने की धमकी दी थी। इसकी तहरीर जसपुर थाने में दी गई थी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया था और अभियुक्त मनोज को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले की सुनवाई तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देऊपा की अदालत में हुई थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने 11 गवाह पेश कर अभियुक्त मनोज पर जानलेवा हमले का दोष सिद्ध कर दिया। बृहस्पतिवार को तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देऊपा ने मनोज कुमार को साढ़े तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने आदेश दिया कि अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रुपये घायल हेमराज को बतौर प्रतिकर दिया जाएगा

आवश्यकता है
फिल्ड सुपरवाईजर की
जो कई राज्यों में जा सके।
इण्टर/बीए तथा बाईक हो
-सम्पर्क करें-
7060916168
7906058904

# नगर निगम के सामने वेंडिंग जोन बनने पर लघु व्यापारियों ने किया मिष्ठान वितरित



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लघु व्यापारी एसोसिएशन द्वारा नगर निगम के सामने चयनित वेंडिंग जोन को समतल करने एवं मिट्टी भरान का कार्य प्रारंभ करने पर मिष्ठान वितरित कर हर्ष व्यक्त किया गया। महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने इस कार्य में सहयोग करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, विधायक शिव अरोरा, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, एस एस पी मंजूनाथ टीसी सहित सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नगर के अन्य उपयुक्त स्थानों पर भी वेंडिंग जोन के लिए भूमि चयनित कर लघु व्यापारियों को व्यवस्थित किया जाए इसके लिए संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान जिला अध्यक्ष गुलशन नारंग, नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, पार्षद सोनू अनेजा, पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, प्रहलाद सिंह, सुभाष रस्तोगी, राजू आजाद, राकेश राठौर, सत्यपाल, आकाश पाल, निरंजन, ओमी सरकार, पप्पू, अजीत मण्डल, रिन्कू सागर, रमन कोली, अकील अहमद, गिरिराज , मुकेश कोली, वेदपाल, सोनू यादव , विश्वनाथ यादव, महेन्द्र सागर, बासु , अशोक रस्तोगी, दुर्गेश यादव, मनोज हल्दार, वीरेंद्र सिंह , संजय मण्डल, प्रेम दिवाकर, दिनेश रस्तोगी, रमेश पाल, गुड्डू चन्दा, जोगेन्द्र गंगवार, नरेश पाल, भानू रस्तोगी, प्रमोद सागर, राजकुमार सागर, शहंशाह, संजय कोली, राज कोली,प्रेम कोली, अयूब आदि मौजूद रहे।

# चोरी के जेवर व नगदी सहित शातिर को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता )। राजपुरा क्षेत्र में चोरी की घटना के आरोपी को पुलिस ने चोरी के जेवर तथा नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 25 जनवरी को वादिनी श्रीमती रेखा पत्नी स्वर्गीय अश्विनी सोम निवासी वार्ड नंबर 12 राजपुरा ने कोतवाली में लिखित तहरीर दी कि 10 जनवरी को वह अपने मायके गई थी। वापस घर आने पर किसी अज्ञात द्वारा उसके घर का ताला, अलमारी



व बक्से का ताला तोड़कर जेवर, नगद रुपया चुरा लिया गया। ले तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उमेश मलिक प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वारा विवेचना उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार, प्रभारी चौकी राजपुरा को दी गई। विवेचक द्वारा पुलिस टीम के साथ मिलकर आरोपी की तलाशं शुरु करते हुए तथा सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन किया गया।प्रकाश में आए अभियुक्त लक्की पुत्र स्वर्गीय रमेश चंद्र निवासी राजपुरा को चोरी किए गए जेवरात 3 सोने की अंगूठी, 1 मंगलसूत्र, 1 नथ व 1 चांदी का लॉकेट व रुपया 4300 सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक नरेंद्र कुमार, प्रभारी चौकी राजपुरा, कानि. सुरेश सिंह, ललित बिष्ट व राजेंद्र राणा शामिल थे।

# रामपाल सिंह ने कई स्कूलों में फहराया तिरंगा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गणतंत्र दिवस पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने दुधिया नगर स्थित ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, सुभाष कॉलोनी स्थित मदरसा गरीब नवाज पब्लिक स्कूल,रम्पुरा स्थित बाल विकास विद्या मंदिर स्कूल, शांति कालोनी स्थित न्यू जनरेशन पब्लिक स्कूल, वॉर्ड चार स्थित के आर पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों में ध्वजारोहण किया एवं भारत माता के चित्र पर भी पुष्पंजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया । इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और महान क्रांतिकारियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस का दिन हम सभी के लिए गर्व का दिन है। इस दिन भारत का संविधान लागू हुआ था। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है। रामपाल सिंह ने कहा कि आज हम आजादी की जिस खुली हवा में सांस ले रहे हैं वह हमारे महापुरूषों की के त्याग और बलिदान की बदौलत ही हमें मिला है। उन्होंने कहा कि देश को अंग्रेजों से आजाद कराने में क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया आज की युवा पीढ़ी को आजादी के सच्चे मायने समझने होंगे और उन महान बलिदानियों की शहादत को हमेशा याद रखना होगा। हमारे पूर्वजों ने लंबे संघर्ष के बाद देश को आजादी दिलाई। इसे अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए जरूरी है कि हम अपने दायित्वों का पालन ईमानदारी और निष्ठा से करें। रामपाल ने कहा कि सरकार की योजनाओं का पारदर्शी तरीके से हर पात्र तक पहुंचाना हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर भुवन गुप्ता प्रमोद शर्मा सुरेश विश्वास डॉ राकेश सिंह,बाबू खान डॉ सोनू खान राकेश सिंह अजय यादव, छेदा लाल राठौर, नुक्ता प्रसाद राठौर, नितिन भल्ला,राजेंद्र बजरंगी, संजय राधू, अक्षय गहलोत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# वेद प्रकाश अनेजा के निधन पर शोक व्यक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यापार मण्डल के सरपरस्त जगदीश छाबड़ा के प्रतिष्ठान पर आयोजित एक शोक सभा में नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी वेद प्रकाश अनेजा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। शोक व्यक्त करने वालों में नरेश कुमार सेठ, मनोहर लाल मिगलानी, कस्तूरी लाल तागरा, रोशन तागरा, विजय मिड्ढा, विनीत बत्रा, मान सिंह ग्रोवर, राकेश सुखीजा, हरीश सुखीजा, प्रेम ठक्कर, सन्नी गाबा, इन्द्रजीत सिंह, जगदीश छाबड़ा, अमित गंभीर, राकेश बत्रा आदि मौजूद थे।

# दोस्त के कमरे से नगदी व मोबाईल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अल्मोड़ा से यहां प्रीत विहार निवासी दोस्त के कमरे में आए युवक की हजारों की नगदी था मोबाईल चोरी हो गए। गौरव दरियाल पुत्र श्याम सिंह दरियाल निवासी अल्मोड़ा का कहना है कि 25 जनवरी को वह रूद्रपुर घुमने अपने मित्र रोहित सिंह के साथ आया था। दोनो अपने मित्र गोलु जेष्टा निवासी प्रीत विहार के कमरे पर रूके। उस कमरे में गोलु जेष्टा का मित्र भी काफी रात तक रूक था। सुबह उठाकर देखा तो उसका एक फोन व नगदी पंद्रह हजार रूपये गायब थे। गौरव ने गोलु जेष्टा के दोस्त पर चोरी का संदेह व्यक्त किया है।

# 745 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस टीम ने अंग्रेजी शराब की 745 पेटियों के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ पर बताई जा रही है, जिसका खुलासा एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने किया। इस दौरान एएसपी अभय प्रताप सिंह व काशीपुर सीओ अनुषा बडोला भी मोजूद रहे। बड़ी कामयाबी हासिल करने पर एसएसपी ने सकेनिया उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह को मैन ऑफ मंथ व पुलिस टीम को 2500 का नगद इनाम देने की घोषणा की।एसएसपी ने खुलासा करते हुए बताया कि सकेनिया उ0नि0 भूपेन्द्र सिह रंसवाल, कानि0सीपी जीवन फुलेरा, कानि0 नकुल द्वारा बैरियर लगा कर रात को घने कोहरे व ठंड के बीच आने जाने वाले वाहनो पर टार्च की रोशनी डालकर चौकिग कर रहे थे कि कुछ समय पश्चात





मसीत की तरफ से एक कैन्टर संख्या-यूपी22-बीटी-2263 आता दिखायी दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा इशारा करने पर रोकने का प्रयास किया तो कैन्टर चालक द्वारा वाहन को तेजी से सकैनिया चौराहे से गदरपुर की तरफ को मोडकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसपर शक होने पर पुलिस टीम ने उक्त वाहन कैन्टर का पीछा कर उक्त वाहन कैन्टर को चौकी सकैनिया के सामने बैरियर लगा कर रोक लिया गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन कैन्टर को रोकने के बाद उनका नाम पूछने पर उन्होंने अपना नाम सोनू पुत्र राम सिह निवासी ग्राम-तालनपुर थाना भोट जनपद-रामपुर (उ0प्र0) व कैन्टर मे बैठे दूसरे व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम धर्मपाल पुत्र शिवलाल निवासी ग्राम तालनपुर थाना भोट जनपद-रामपुर (उ0प्र0) बताया। शक होने पर सख्ती से दोनो व्यक्तियो से कैन्टर में लदे माल के बारे मे पूछा गया तो कैन्टर चालक सोनू ने बताया कि इस कैन्टर मे शराब की पेटिया हैं जिसे काशीपुर से ला रहे है। कैन्टर पर टार्च की रोशनी डाले जाने पर कैन्टर चारो तरफ से तिरपाल से ढका हुआ है, तिरपाल को हटा कर चैक करने पर कैन्टर में गत्ते की पेटिया दिखायी दी, प्रत्येक पेटी टैप से बंद है पेटियो को चैक करने पर उसमे से कुल 745 पेटी शराब बरामद हुई जिसकी कीमत लगभग 01करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस टीम में एसओ भुवन चंद्र जोशी, उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह रसवाल, कानि सीपी जीवन फुलेरा, कानि नकुल एवं दर्शन सिंह मौजूद रहे।

# कोलम्बस परिवार ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस




रूद्रपुर( उद संवाददाता)। स्थानीय मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गणतन्त्र भारत का 75वाँ गणतन्त्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम कोलम्बस पब्लिक स्कूल के चेयरमैन केसरदास खेड़ा ने निर्धारित समय पर ध्वजारोहण किया व सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर सभी को गणतन्त्र दिवस की बधाई दी। तत्पश्चात् विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने गणतन्त्र दिवस की बधाई प्रेषित कर छात्र-छात्राओं को देश-प्रेम व सत्य के मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा कर्त्तव्य है कि हम अपने देश को और भी मजबूत और समृद्ध करें, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक और उत्कृष्ट भविष्य का मौका दे सकें। इसके उपरान्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति से सराबोर रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी साथ ही विद्यालय के अध्यापकों ने भी देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारग प्रस्तुतियाँ देकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की डिप्टी हेड गर्ल गौरी गगनेजा ने अपने भाषण में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि आज हम गर्व से कह सकते हैं कि हमारा देश विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, और तकनीकी उन्नति में हम दुनिया में अग्रणी बन रहे हैं। हमारी युवा शक्ति नए और नवीन उद्यमों की दिशा में अग्रसर हो रही है। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक मनोज खेड़ा ने अपने सम्बोधन में छात्र-छात्राओं को गणतन्त्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने भारतीय संविधान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें संविधान का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर देश सेवा में अपना योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। अपने उद्बोधन के दौरान श्री खेड़ा ने बताया कि हमारा संविधान न केवल हमारी स्वतंत्रता की कहानी सुनाता है, बल्कि यह हमें एक समृद्ध, समरस, और समाजवादी भारत की दिशा में मार्गदर्शन भी करता है। संविधान ने हमें सामाजिक, राजनीतिक, और आर्थिक स्तर पर समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए संकल्पित किया है। इस दौरान उन्होंने सभी कलाकार छात्र-छात्राओं व अध्यापकों के उच्चकोटि के सांस्कृतिक प्रदर्शन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। अन्त में विद्यालय की उपप्रधानाचार्या डॉ0 कामेश मित्तल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत कर व मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान ललित खेड़ा , मनमोहन सिंह, लक्ष्मी लाल साह, एस0 के0 नैयर, पवन मल्होत्रा, नीरज शाह, अभिभावकगण व समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।




# स्वतंत्रता सेनानी और उनके आश्रितों को किया सम्मानित

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। गणतंत्र दिवस जनपदभर में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला कार्यालय में ध्वजारोहण किया और स्वतंत्रता सेनानी सार्वगर्भित ढंग से बना हमारे देश का संविधान आज भी मजबूती से मार्गदर्शक बना हुआ है और देश को एक सूत्र में पिरोए हुए है। उन्होंने कहा कि हमारा देश आजाद होने के साथ ही अन्य देश भी विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारा आचरण, व्यवहार कार्यालय और कार्यालय के बाहर भी अच्छा होना चाहिए ताकि सब के मन में सरकार और निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने को कहा। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी ने देशभक्ति गीतों से शमा बांधा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार





व उनके आश्रितों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आजाद हुए लेकिन हमारा देश सबसे ज्यादा मजबूत हुआ है, हमारा देश विकास के क्षेत्र में अग्रणी है और विश्व के लगभग सभी क्षेत्रों में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपना प्रभाव डाल रहा है। मुख्य कर्मचारियों के प्रति अच्छी अवधारणा बने। उन्होंने कहा कि सभी टीम भावना से एकजुट होकर काम करें क्योंकि टीम भावना से काम आसान हो जाते हैं। उन्होंने सभी से अपने-अपने कर्तव्यों का जोशी, जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटौला, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी सहित कार्यालय के कर्मचारी व अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# साहसी पुलिसकर्मी नरेश जोशी को मिलेगा 51 हजार रुपए का पुरस्कार

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। प्रदेश के काबीना मंत्री एवं जिला प्रभारी गणेश जोशी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि साहसी पुलिसकर्मी नरेश जोशी को 51 हजार रुपए पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की। उनकी घोषणा से आयोजन स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।गौरतलब है कि गत 30 अगस्त 2022 को ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र हुए गैस रिसाव प्रकरण में थाना ट्रांजिट कैम्प पुलिस व विशेष आरक्षी नरेश जोशी ने अहम भूमिका निभाते हुए जहरीली गैस से भरे सिलेंडर को आबादी से दूर ले जाकर कई लोगों की जान बचाई थी। 30 अगस्त 2022 को 5 बजे प्रातः ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र के मोहल्ला आजादनगर में एक कबाड़ के गोदाम में सिलेंडर से गैस रिसाव होने व गैस से कई लोगों के बेहोश होने की



सूचना मिली। जिस पर एसएचओ ट्रांजिट कैम्प मय फोर्स के तत्काल मोके पर पहुंचे व आपदा राहत बचाव अभियान चलाया गया। उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया। इस दौरान थाने के आरक्षी नरेश जोशी द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुए अदम्य साहस व वीरता का परिचय देते हुए रिसाव हो रहे सिलेंडरों के मुंह पर कपड़ा बांध कर एक वाहन से दूर सुनसान जंगल मे ले गए। जिससे उनके द्वारा कई जिंदगियां बचाई गयी थी।

# भुलाया नहीं जा सकता अमर शहीदों का बलिदानः गावा

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। रुद्रपुर से अयोध्या धाम तक 475 किलोमीटर की पैदल पदयात्रा करने वाले समाजसेवी एवं भाजपा नेता सुशील गाबा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों और किया। इसके बाद श्री गाबा ने बतौर कार्यक्रम अध्यक्ष ट्रांजिट कैंप के जन्म भूमि हाई स्कूल में दीप प्रज्वलन किया एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यहां पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, पूर्व कांग्रेस पटका पहना कर जोरदार स्वागत किया। सीए कपिल अरोड़ा ने श्री गाबा के द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों एवम अयोध्या यात्रा को स्मरण किया। स्कूल टीचर्स ने गणतंत्र दिवस पर सुंदर भजन गाए। उध शर्मा ने श्री गाबा को प्रभु श्री कृष्ण जी का चित्र देकर सम्मानित किया। इन सभी कार्यक्रमों में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए समाजसेवी सुशील गाबा ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत






संस्थाओं के कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष के तौर पर प्रतिभाग किया। सबसे पहले श्री गाबा समाजसेवी सोनू वर्मा के साथ गांधी पार्क पहुंचे, जहां उन्होंने वन्देमातरम ग्रुप के साथ ही पार्षद प्रतिनिधि सोनू अनेजा, सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा सहित झंडारोहण महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा, स्कूल प्रबंधक सुमित रॉय एवम प्रिंसिपल कुलदीप सिंह सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी मौजूद थे। इसके बाद श्री गाबा लालपुर के आगमन स्कूल पहुंचे, जहां स्कूल प्रबंधक सीए कपिल अरोड़ा एवं राहुल गंभीर ने श्री गाबा का माल्यार्पण कर एवम र खेड़ा में देवभूमि एक पहल संस्था के द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम का श्री गाबा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बच्चों एवं महिलाओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। श्री गाबा ने बच्चों को मिष्ठान वितरण भी किया। संस्था अध्यक्ष कोमल कई पीढ़ियों के लोग हमारे गणतंत्र की अब तक की विकास- गाथा में अमूल्य योगदान के लिए प्रशंसा के पात्र हैं। किसानों, मजदूरों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों, पुलिसबलों की भूमिकाओं के साथ ही देश की प्रगति में योगदान देने वाले प्रत्येक नागरिक सराहना का पात्र है।

# पैरामाउंट एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)।पैरामाउंट एजुकेशनल एकेडमी ने 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। आमंत्रित सम्माननीय अतिथियों, प्रधानाचार्यों और कुछ छात्रों ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रभावशाली भाषण दिए।विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत गाए और सुंदर नृत्य भी



प्रस्तुत किए।इसके बाद स्कूल की ओर से रैली निकाली गई।इस अवसर पर पैरामाउंट एजुकेशनल एकेडमी एवं सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक लक्ष्मी चंद पंत व जनार्दन पांडे, कोषाध्यक्षा श्रीमती चंद्रा धामी, सचिव रविंद्र सिंह धामी, आमंत्रित अतिथि बलदेव सिंह, हरीश चंद्र उपाध्याय, गिरीश चंद्र जोशी , भीम सिंह रावल, विद्यालय प्रबंधक श्रीमती सुनीता धामी, प्रधानाचार्या कु. हुमा परवीन और कु. शालिनी रानी, अमिता बिष्ट, कमला पांडे, मंजू चंतोला, हिमांशी, प्रीति, कोमल, सोनी, तनु, दुर्गा, मंजू जोशी, नेहा, विजय, शांति, मंजू व दुर्गेश आदि उपस्थित थे।

# कल्याणी वाटिका में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रोटरी क्लब एवं साथी ग्रुप ने कल्याणी वाटिका पर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एमएनए नरेश दुर्गापाल ने बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण किया। इस दौरान कल्याणी नदी को साफ सुथरा रखने की अपील की गयी। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम को यहां आयोजित करने के पीछे उनका मकसद लोगों को नदी की सफाई के लिए जागरूक करना था। इस दौरान कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के ओम सिंघल, अपजीत सिंह बहल, सुमित सिंह बहल, अशोक अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, हेमंत सिंघल, जगदीश बिष्ट, नारायण सिंघल, अतुल अग्रवाल, साथी ग्रुप के अनिल, नीलम कोली, मंटू, इनरव्हील क्लब से हरिन्दर कौर, रंजीता अग्रवाल, भूपिंदर कौर, सीमा अरोरा, रामकृष्ण कन्नौजिया, वनीता सिंघल आदि मौजूद थे।



# आरएएन स्कूल में गणतंत्र दिवस की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए. एन. पब्लिक स्कूल भूरारानी के प्रांगण में दोनों शाखाओं ने सामूहिक रूप से 75 वाँ गणतंत्र दिवस उत्साह एवं बड़े ही धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण करते हुए राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच.के. राय तथा श्रीमती मधु राय रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील द्विवेदी तथा श्रीमती पूजा द्विवेदी ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा विद्यालय प्रबंधक मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय भी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात शहीदों के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धारा प्रवाहित हुई जिसमें देशभक्ति गीत, योगा प्रस्तुति तथा देशभक्ति नृत्य ने वातावरण को देश-प्रेममय कर दिया। इस सुअवसर पर 2022-23 में हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को तथा सह-पाठ्यक्रमिक गतिविधियों में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में विशिष्ट अतिथि ने अपने भाषण में बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनको अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया तथा देश और समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित भी किया। मुख्य अतिथि ने भी बच्चों को सत्य एवं ईमानदारी का रास्ता अपनाकर सफलता की ओर बढ़ते रहने का संदेश दिया तथा प्रबंधक मोहित राय ने भी सबको गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्रीमती भावना भनोट (आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल भूरारानी), प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना शर्मा (आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल डिबडिबा), अध्यापक गण एवं विद्यार्थी गण उपस्थित रहेद्य अंत में हर्षोल्लास भरे वातावरण में मिष्ठान वितरण एवं सूक्ष्म जलपान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।







# छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित

किच्छा (उद संवाददाता)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय किशनपुर, किच्छा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजीव कुमार सिंह ने विद्यालय में पहुंच कर ध्वजारोहण किया व छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया। श्री सिंह ने




कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे देश के सम्मान का प्रतीक है। यह हमको विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश होने का गौरव प्रदान करता है। हम सभी देशवासियों की यह जिम्मेदारी है कि हम लोग आपसी भाईचारे से इस लोकतंत्र के गौरव को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि भारत के गौरव को बनाएं रखने के लिए संविधान का पालन करना जरूरी है। इस अवसर पर कमलेश दुबे, ब्रह्मानंद, नाजिम, मनोज, नवीन, संजय यादव, विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# साउथ एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए टीम काठमांडू हुई रवाना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेपाल के काठमांडू में आयोजित होने जा रही साउथ एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे खिलाडियों को निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने शॉल ओढ़ाकर, फूल मालाएं पहनाकर रवाना किया। इस दौरान सभी खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गयी।



कोच गोविंद परिहार के नेतृत्व में साउथ एशियाई बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने जा रहे खिलाड़ी कुंवर जीत सिंह गुरबानी कौर लक्ष्य पपनेजा, पीयूष दानू का निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। सभी खिलाड़ियों का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए शॉल ओढ़ाकर और मुंह मीठा करके रवाना किया गया। इस अवसर पर रामपाल सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं लगातार जनपद और प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। यहां के खिलाड़ियों ने देश विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है जिससे युवाओं को प्रेरणा मिली है और युवाओं का रूझान खेलों की ओर बढ़ रहा है।

# ऑक्सफोर्ड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मना गणतंत्र दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।'द ऑक्सफोर्ड अकादमी' में 75वां गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य के. एस.नेगी द्वारा विद्यालय के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। यू0 के0 24 गर्ल्स बटालियन एन0सी0सी0 अल्मोड़ा की छात्राओं ने मार्च पास्ट द्वारा तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रमों की प्रस्तुति से संपूर्ण विद्यालय परिसर गूँज उठा। कक्षा ग्यारह की छात्रा निर्मल व अनुष्का ने आधुनिक भारत की उपलब्धियों का वर्णन कर विद्यार्थियों को स्वतंत्रता की सही पहचान से अवगत कराया। कक्षा आठ व नौ की छात्राओं ने पढ़ें बेटियाँ, बढ़ें बेटियाँ नारे को चरितार्थ करते हुए 'मेरे भारत की बेटी' गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर देशभक्ति की भावना का संचार किया। कक्षा नौ की छात्रा रिद्धिमा द्वारा 'गणतत्रं दिवस' पर भाषण दिया गया। 'हर करम अपना करेंगे ऐ वतन तेरे लिए' गीत पर विद्यार्थियों ने जो प्रस्तुति दी किया, उसपर सभा में उपस्थित सभी लोग झूम उठे। विद्यार्थियों ने 'ऐ वतन मेरे वतन आजाद रहे तू व देश रंगीला' गीत पर शानदार प्रस्तुति दी। अनेक विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों को गाकर सभी को मोहित कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध समिति कि सदस्यों रोताश बत्रा वैभव बत्रा, श्रीमती मितिका बत्रा श्रीमती प्रीति पपनेजा ने सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य के. एस.नेगी ने उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस का वास्तविक महत्त्व क्या है, व किस प्रकार आज के समय के अनुसार विद्यार्थियों को अपना सर्वांगीण विकास करना चाहिए, यदि आज के विद्यार्थी चरित्रवान होंगे तो देश निश्चित ही प्रगति करेगा। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकागण उपस्थित रहे।










# लिटिल किंगडम प्रीपेट्री स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने मोहा मन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। लिटिल किंगडम प्रीपेट्री स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रात: काल विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती परविंदर पुरी, उप प्रधानाचार्या सिमरन पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने कविता, भाषण द्वारा गणतंत्र दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये । सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नृत्य व संगीत ने सबका मन मोह लिया। शीत लहर के चलते हुए भी विद्यालय के नन्हें-मुन्ने





बच्चों ने गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर देश के प्रति अपना प्यार वह सौहार्द्र दर्शाया। अंत में विद्यालय प्रबंधक हरविंदर पुरी विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती परविंदर पुरी ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए विद्यार्थियों को भविष्य में एक सफल नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उप प्रधानाचार्या सिमरन पुरी ने सभी बच्चों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते मिष्ठान वितरण किया। विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा ने बच्चों को देश के वीर जवानों के बलिदान की गाथाएं बताई और भविष्य में देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने को कहा।

उत्तरांचल दर्पण

**सम्पादकीय** सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा कई मायनों में महत्त्वपूर्ण है। वे गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि तो हैं ही, उनके आने से दोनों देशों के बीच के रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे। पिछले वर्ष दोनों देशों ने परस्पर सहयोग के पच्चीस वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। हालांकि फ्रांस के साथ भारत के संबंध हमेशा से बेहतर रहे हैं, मगर इस समय जब दुनिया के राजनीतिक समीकरण बदल रहे हैं, इन दोनों के रिश्तों की मजबूती कई चुनौतियों से पार पाने में मददगार साबित होगी। प्रधानमंत्री ने मैक्रों का जयपुर में स्वागत किया, दोनों ने एक साथ जनसमूह का अभिवादन स्वीकार किया और फिर लंबी बातचीत की।जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, रक्षा, सुरक्षा, व्यापार, छात्रों और पेशेवरों के वीजा मामले में सहयोग बढ़ाने आदि विषयों पर बातचीत हुई। गणतंत्र दिवस परेड में फ्रांस की टुकड़ी भी हिस्सा ले रही है। भारत के लिए फ्रांस का महत्त्व इस बात से समझा जा सकता है कि वह भारत का दूसरा बड़ा रक्षा आपूर्तिकर्ता देश है। रफाल लड़ाकू विमान और स्कार्पियन पनडुब्बी की आपूर्ति के अलावा वह भारत के एक बड़े रणनीतिक साझीदार के रूप में उभरा है। खासकर हिंद महासागर में दोनों देशों के बीच संयुक्त सामरिक समझौते हैं। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी फ्रांस हमेशा भारत का समर्थन करता रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता और परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह में उसके प्रवेश का वह समर्थक रहा है। पोकरण परमाणु परीक्षण के बाद जब भारत अलग-थलग पड़ गया था, तब फ्रांस ने ही उसका साथ दिया। पिछले पच्चीस वर्षों में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाले देशों की श्रेणी में फ्रांस तेजी से आगे बढ़ता देखा गया है। उसने कई महत्त्वपूर्ण उपक्रम यहां लगाए हैं। वाणिज्य और व्यापार के मामले में भी दोनों के बीच बारह अरब डालर से अधिक का वार्षिक कारोबार होता है। यह अलग बात है कि दोनों देशों के बीच व्यापार संतुलन नहीं है, फ्रांस की तुलना में भारत काफी कम उसे निर्यात कर पाता है। मगर विज्ञान और तकनीक, जलवायु परिवर्तन आदि से जुड़े मसलों पर भारत को फ्रांस से काफी ताकत मिली है। फ्रांस पहला देश है, जिसके साथ मिल कर भारत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की शुरुआत की थी। दोनों देशों का जोर नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में काम करने पर है, इस क्षेत्र में दोनों के लिए असीमित संभावनाएं हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण है कि दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में रिश्ते लगातार मजबूत हुए हैं। ऐसे समय में जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का प्रभुत्व बढ़ रहा है और यह दोनों देशों के लिए चिंता का विषय है, भारत और फ्रांस ने दो वर्ष पहले हिंद-प्रशांत त्रिपक्षीय विकास सहयोग कोष की स्थापना की। इसका उद्देश्य संयुक्त अरब अमीरात के साथ मिल कर अफ्रीका के पूर्वी तट से सुदूर प्रशांत तक समुद्री क्षेत्र में जागरूकता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इससे क्षेत्रीय संतुलन कायम करने में काफी मदद मिलेगी। ऐसे दौर में जब रूस-यूक्रेन, इजराइल-हमास संघर्ष चल रहा है और इसके चलते विश्व की आपूति शृंखला प्रभावित हुई है। दुनिया के तमाम देश मंदी की मार झेल रहे हैं। तब नए वैश्विक समीकरण के लिए शांति और सहयोग की दिशा में इन दोनों देशों की दोस्ती से काफी उम्मीदें जगती हैं। दोनों के बीच अनुसंधान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, वाणिज्य-व्यापार आदि के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। मैक्रों की इस भारत यात्रा से उन दिशाओं में नए दरवाजे खुलेंगे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस



नैनीताल(उद संवाददाता)। जनपद नैनीताल में 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी सरकारी/अर्द्धसरकारी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मण्डलायुक्त दीपक रावत ने आयुक्त कार्यालय में और जिलाधिकारी वंदना सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर, नैनीताल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पुलिस टुकड़ी द्वारा जिलाधिकारी को सलामी दी गई। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों और गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 26 जनवरी, 1950 को हमारे देश में संविधान लागू किया गया था, जिसके उपलक्ष्य में हम सभी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा हमारे देश का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा और सशक्त लोकतंत्र है। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त कार्मिकों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर भारत सरकार सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रायोजित गणतंत्र हमारा कीर्तिमान गीत का गायन किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी नैनीताल फिंचाराम चौहान, उपजिलाधिकारी सदर के साथ ही जनप्रतिनिधियों और संभ्रांत नागरिकों आदि द्वारा मल्लीताल, नैनीताल स्थित राष्ट्र के महानुभावों संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, अमर शहीद राजेश अधिकारी और माल्लीताल, नैनीताल पंत पार्क स्थित गोविंद बल्लभ पंत की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात पुलिस दस्ता ने सशत्र बल के साथ सलामी दी इसके साथ ही सीपीयू, फायर, 112, दूर संचार, डोग स्कोड, महिला हेल्पलाइन, छोलिया नाट्य दल, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा सलामी दी गई। मण्डलायुक्त दीपक रावत ने पुलिस और एनसीसी परेड कमांडरो से एक एक कर परिचय किया।इस अवसर पर दीपक रावत द्वारा जनपद में कृषि और पशुपालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पवन मेलकानी और डॉ विनीता टोलिया व किशोर सिंह बिष्ट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंडलायुक्त दीपक रावत ने सभी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी जनपद वासियों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों/ कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी। पुलिस उप महानिदेशक योगेंद्र रावत और एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर फ्लैट मैदान में परेड में सम्मिलित पुलिस बल, जनपद की देवतुल्य जनता और जनप्रतिनिधियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं व बधाई दी।

# ऊर्जा निगम के कार्यालय में हरदा ने जड़ा ताला



रूड़की। ऊर्जा निगम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर चल रहे धरने में पहुंचे कांग्रेस के पूर्व सीएम हरीश रावत ने मोर्चा खोल दिया। उन्होंने जनता से अपील की कि जो भी विभाग से पीड़ित है वह बस कांग्रेस बूथ पर आकर अपनी समस्या नोट करा दें। कांग्रेस की सरकार आने पर इस दौरान जो अधिकारी संबंधित क्षेत्र में तैनात हैं, सबसे पहले उन्हें सेवानिवृत्त किया जाएगा। उन्होंने ऊर्जा निगम के साथ ही भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा। बृहस्पतिवार को कांग्रेस का ऊर्जा निगम के खिलाफ एससी कार्यालय पर धरना शुरू किया गया। धरनास्थल पर क्षेत्र के सभी विधायक, पूर्व विधायक और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इसी बीच धरनास्थल पर पूर्व सीएम हरीश रावत पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगम में इस वक्त कुव्यवस्था हावी है। ऊर्जा निगम से हर वर्ग पीड़ित है। आज स्थिति ये है कि एक ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए सिफारिशें करनी पड़ रही हैं।आज जिस गरीब का बिल गड़बड़ आ रहा है, जिन किसानों के फुंके ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे हैं और जिन लोगों का निगम अधिकारी या कर्मचारी शोषण कर रहे, वह बस कांग्रेस बूथ पर आकर अपनी समस्या दर्ज करवा दें। भगवानपुर विधायक ममता राकेश, पूर्व विधायक काजी निजामुद्दीन समेत गुस्साए कांग्रेस विधायकों और अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऊर्जा निगम की टीम अलसुबह किसानों के घरों में घुसकर चेकिंग के नाम उनका शोषण कर रही है। आज तक किसी एक फैक्टरी पर छापा मारने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। इन फैक्टरियों पर करोड़ों रुपये बकाया है। अधिकारी फैक्टरियों पर करम कर रहे हैं। आरोप है कि ऊर्जा निगम की टीम चेकिंग के नाम पर घर में मौजूद महिलाओं के साथ बदसलूकी कर रही है। चेतावनी दी कि अब यदि ऊर्जा निगम की टीम क्षेत्र में चेकिंग के लिए घुसी तो उनका लाठियों और डंडों से स्वागत किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी विभाग के अधिकारियों की होगी। धरने के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कार्यकर्ताओं से कहा कि क्षेत्र में ऐसे ट्यूबवेल के ट्रांसफार्मर की तलाश करें जो एक महीने से खराब हैं और जिसे बार-बार कहने पर भी नहीं बदला जा रहा। वह दो फरवरी के बाद ऐसे ट्रांसफार्मर पर रात नौ बजे एक से डेढ़ घंटे बैठकर धरना देंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया ट्रांसफार्मर किसी कांग्रेसी का नहीं आमजन का होना चाहिए।

# सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारियों को किया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। प्रदेश के लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, ग्राम्य विकास, पर्यटन विभाग, उद्यान विभाग, सूचना विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, उद्योग विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं तथा नीतियों पर आधारित झांकियों का सीआरपीएफ, आईटीबीपी, उत्तर प्रदेश पुलिस, 40वीं वाहिनी पीएसी, 40 वी वाहिनी महिला दल, उत्तराखण्ड होमगार्ड्स, प्रान्तीय रक्षक दल, एनसीसी ब्याइज, एनसीसी गर्ल्स, अश्व दल, पुलिस संचार, अग्निशमन, सीपीयू ने भव्य परेड में प्रतिभाग किया। परेड करने वाली टुकड़ियों में प्रथम छोलिया नृत्य, गढ़वाली नृत्य, छपेली, भांगडा, हारूल नृत्य आदि का महमोहक प्रदर्शन किया जिसका उपस्थित दर्शकों ने खूब आनंद लिया। परेड ग्राउंड में आयोजित इस समारोह में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, रविनाथ रामन, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, एसएसपी अजय सिंह सहित पुलिस तथा प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण, जनप्रतिनिधि एवं जनसामान्य भी उपस्थित रहा। परेड ग्राउंड में जिन अधिकारियों/ कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवा के लिए पदक), धन सिंह तोमर, पुलिस उपाधीक्षक (से०नि०) जनपद चमोली। (पुलिस पदक),रमेश चन्द्र भट्ट, उ0नि0 वि०श्रे० (से०नि०) जनपद चम्पावत। (पुलिस पदक), महेश चन्द्र चन्दोला, निरीक्षक (एम)/गोपनीय सहायक (से०नि०) अभि०/सुरक्षा मुख्यालय। (पुलिस पदक) आदि







लोक नृत्य का मनोहारी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। परेड ग्राउंड में भी प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में सूचना विभाग की झांकी को प्रथम, ग्राम्य विकास विभाग को द्वितीय तथा उद्यान विभाग की झाँकी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जिन्हें राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में सेना जीआर 5/1 रेजिमेन्ट, स्थान पर सीआरपीएफ, द्वितीय स्थान पर आईटीबीपी और तृतीय स्थान पर 40 वी वाहिनी महिला दल रहीं, जिन्हें राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा सांसद, माला राज्यलक्ष्मी, सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, जिला पंचायत अध्यक्ष, देहरादून मधु चौहान, मुख्य सचिव डॉ.एस.एस.संधु, डी.जी.पी. अभिनव कुमार, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव श्री राज्यपाल पदक प्रदान किये गये उनमें अभिनव कुमार, पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड (राष्ट्रपति का पुलिस पदक), डॉ० वी० मुरूगेशन, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध अनुसंधान विभाग/निदेशक सतर्कता उत्तराखण्ड। (राष्ट्रपति पुलिस शामिल हैं। जबकि राज्यपाल उत्कृष्ठ सेवा पदक से विपिन चन्द्र पन्त, पुलिस उपाधीक्षक, जनपद चम्पावत,गजपाल सिह रावत, प्लाटून कमाण्डर, मुख्यमंत्री सुरक्षा उत्तराखण्ड एवं धनी लाल अपर गुल्मनायक, 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार आदि शाामिल रहे।

# विकसित उत्तराखंड की झांकी को मिला प्रथम स्थान

देहरादून(उद संवाददाता)। 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शित झांकियों में सूचना विभाग की झांकी को पहला स्थान मिला है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी एवं मुख्य सचिव डॉ. एस.एस.संधु द्वारा महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी व संयुक्त निदेशक/नोडल अधिकारी श्री के. एस. चौहान को प्रथम पुरस्कार दिया गया। प्रथम पुरस्कार मिलने पर सूचना विभाग के महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सूचना विभाग द्वारा ''विकसित उत्तराखण्ड'' की झांकी का निर्माण किया गया। झांकी में उत्तराखण्डी महिला को पारम्परिक वेशभूषा, स्थानीय अनाज, राज्य पक्षी, होम स्टे, सरमोली गांव, महिला स्वयं सहायता समूह, ऑल वेदर रोड, ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल परियोजना, रोप-वे तथा भारत के प्रथम गांव माणा को दर्शाया गया।



# ब्रिलियंट एकेडमी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मना गणतंत्र दिवस

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्थानीय आजाद नगर ट्रांजिट कैंप स्थित ब्रिलिएंट एकैडमी जूनियर हाई स्कूल में 75 वा गणतंत्र दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक परिमल राय ने मां सरस्वती एवं भारत मां के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर ध्वजारोहण किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक अध्यापिकाओं ने राष्ट्रगान गाकर वातावरण को सुशोभित किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रबंधक परिमल राय ने छात्र-छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्र के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। आज ही के दिन हमें लोकतांत्रिक अधिकार से जीने का स्वतंत्र अधिकार मिला था। हमें अपने नैतिक दायित्व एवं जिम्मेदारी को निभाने की आवश्यकता है।हमें राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर कार्य करना होगा। शिक्षकों के ऊपर सबसे बड़ी जिम्मेदारी है बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र सेवा एवं देश सेवा के लिए पढ़ाई के मूल्यों को समझने की। बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम के अतिरिक्त विद्यालय केपुस्तकालय में उपलब्ध महापुरुषों की जीवनी का अध्ययन भी करते रहे जिससे आप लोगों के भविष्य के साथ-साथ देश एवं राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि रामधनी मिश्रा ने भी संबोधित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या बुलबुल राय ने उपस्थित अतिथियों को सम्मानित किया एवं गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर दुर्जन लाल, गोपाल कृष्ण, दीपक वर्मा, अशोक मौर्य, गायत्री श्रीवास्तव, सुमन देवी, अनुपमा सिंह, रोहित सिंह, आरती श्रीवास्तव, प्रीति सैनी, राधा गुप्ता, सीमा सिंह निषाद, करिश्मा सक्सेना, प्रतीक्षा गंगवार, राजकुमार सिंह चौहान, रूपा राठौर, हेमवती गंगवार, पुष्पा गुप्ता, कविता देवी, सरिता देवी, शालिनी कश्यप, शिवांगी राणा आदि उपस्थित रहे।




# रूद्रपुर में बाइक चोरों का आतंक, अलग अलग स्थानों से तीन बाइकें हुई चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर में ऑटो लिफ्टर गिरोह का आंतक बढ़ता जा रहा हैं। चोरों ने अलग अलग स्थानों से तीन मोटरसाईकिलों पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने तीनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। रोडवेज बस चालक रंजीत सिंह पुत्र लखविंदर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 20 जनवरी को उसने अपनी हीरो होण्डा बाइक संख्या यूके 06एजी 9320 बस स्टैंड के अंदर खड़ी की थी, जिसके बाद वह अपनी बस लेकर दिल्ली के लिए निकल गयां अगले दिन वापस रूद्रपुर पहुंचा तो बाइक गायब थी। वहीं प्रशान्त सौगरि पुत्र मदन लाल निवासी वार्ड न. 01 इंद्रा कॉलोनी, रुद्रपुर के मुताबिक 24 जनवरी दोपहर 2 बजे उसने अपनी स्पलैंडर मोटर साईकिल संख्या यूपी 25सीएफ 2963 को गावा चौक स्थित एचडीएफसी बैंक के सामने खड़ा किया था। बैंक से काम निपटाकर जब वह बाहर निकला तो बाइक गायब थी। इसके अलावा जकी अहमद पुत्र मुमताज अहमद निवासी छिनकी नौगंवा, किच्छा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 जनवरी शाम 8.30 बजे उसने अपनी स्पलैण्डर प्लस बाइक संख्या यूके 06एएल 7819 काशीपुर बाईपास रोड पर स्थिति गुरू मॉ इन्टरप्राइजेज के सामने खड़ी की थी। थोडी देर बाद जब दुकान से बाहर आया मोटर साईकिल गायब थी। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में जांच करने पर कोई अज्ञात व्यक्ति मोटर साईकिल को ले जाते हुए दिख रहा है। पुलिस ने तीनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी हैं।

# 25 हजार की नगदी सहित सटोरिया दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। गश्त के दौरान पुलिस ने एक सटोरिया को दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से सट्टे की पर्ची पेन डायरी के अलावा हजारों की नगदी बरामद किया है। जरूरी जानकारी जुटाना के बाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार सटोरिया का गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने पीएम हाउस के पास पुराने खंडहर से मोहल्ला मजरा लक्ष्मीपुर पट्टी निवासी नदीम पुत्र इमरान को सट्टे में दांव लगाते रंगे हाथ दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 25 000 रूपयों की नगदी के अलावा सट्टे की पर्ची पेन डायरी सट्टे आदि बरामद किया। जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस ने गिरफ्तार सटोरिया का गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान कर उसे कोर्ट में पेश कर दिया। जानकारी के अनुसार बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर सट्टे का गैर कानूनी कारोबार खूब फल फूल रहा है। सूत्रों का कहना है कि सट्टे की खाई बड़ी में लिप्त कतिपय लोग कानून से आंख मिचोली करते हुए युवाओं को जुएं के गैर कानूनी कारोबार में धकेल कर उनकी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। यहां क्रिकेट मैच में भी लाखों का सट्टा लगाया जाता है। सट्टे की कारोबार से जुड़े लोग सकरी गलियों में अथवा चाय की दुकानों पर महफूज ठिकाना बनाए रहते हैं।

# डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसो. के प्रांतीय व मंडलीय पदाधिकारियों का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट. एसोसिएशन जनपद शाखा उधम सिंह नगर के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी के मुख्य पदाधिकारी प्रान्तीय अध्यक्षा श्रीमती सुधा कुकरेती, प्रान्तीय महामंत्री डा० सतीश चन्द्र पाण्डे, प्रान्तीय संयुक्त मंत्री आजाद चौधरी, मण्डल अध्यक्ष गजेन्द्र पाठक, मण्डलीय सचिव प्रेमशंकर सिंह, मण्डलीय कोषाध्यक्ष दिगम्बर रावत का मुख्य चिकित्सा



अधिकारी कार्यालय के सभागार में प्रथम बार जनपद आगमन पर अभिनन्दन एवं स्वागत किया गया। सभी प्रान्तीय पदाधिकारियों द्वारा जनपद शाखा का आभार व्यक्त किया गया। स्वागत कार्यक्रम में डीके जोशी, मुख्य सलाहकार, बीएन बेलवाल जिलाध्यक्ष, केसी विश्वकर्मा जिला मंत्री, श्रीमती चंपा गोस्वामी उपाध्यक्ष, हरिप्रसाद प्रवक्ता, एमएन गोस्वामी, पीएस राणा, आरएस चौहान प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

# 4.5 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोप के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजने की तैयारी चल रही थी। मुखानी थाना पुलिस कठघरिया चौराहे के पास चौकिंग कर रहे थे। जब पुलिस कर्मी हैड़ाखान मंदिर होते हुए चौफला पुल की ओर बढ़ रहे थे तभी आम के बगीचे के पास कुछ युवक खड़े दिखाई दिए। जब पुलिस उनके पास पहुंचे तो कुछ युवक भाग गए जबकि एक युवक को धर दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से 4.5 ग्राम स्मैक बरामद हुई है।युवक ने अपना नाम सुनील सुनार पुत्र पप्पू सुनार निवासी चन्द्रावती कालोनी पीलीकोठी बड़ी मुखानी बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

# हजारों की नगदी समेत सात जुआरी पकड़े

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने आरोपियों से जुआ खेलने के दौरान लगाई गई राशि को भी बरामद किया है। एएसपी अभय प्रताप सिंह एवं सीओ अनुषा बड़ौला द्वारा खुलासा करते हुए बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में थाना गदरपुर पुलिस टीम द्वारा 25-26 जनवरी की रात्रि मे फौजी मार्केट महतोष बाजार में दीपक विश्वास की सैटरिंग की दुकान में बने टीन सेड के आगे खुले बरामदे में जुआ खेल रहे 7लोगों को पुलिस ने दंबिश देकर मौके पर ही गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उन्होने अपने नाम क्रमशः राजकुमार पुत्र नरेंद्र पाल निवासी आवास विकास थाना गदरपुर,पवन कुमार पुत्र अब्रान निवासी महेशपुर दिनेशपुर ,विशाल विश्वास पुत्र चित्र विश्वास निवासी बिलासपुर ,दीपक विश्वास पुत्र दिलीप विश्वास निवासी महतोष मोड, सुशांत राय पुत्र सुनील राय निवासी पिपलिया नंबर 1 गदरपुर ,दीपक कोचर पुत्र रोशन लाल निवासी चकरपुर गदरपुर ,छोटू विश्वास पुत्र दिलीप विश्वास निवासी महतोष मोड बताये। जुए के फड़ में बिछाये गये लाल पीले रंग के कपड़े के उपर ताश के 52 पत्ते तथा कुल 203000 रुपये नकद बरामद हुए।



पुलिस टीम में एसओ भुवन चंद्र जोशी, उप निरीक्षक पवन जोशी, कांस्टेबल गोरखनाथ,कांस्टेबल कैलाश मनराल, कांस्टेबल कुंदन सिंह मौजूद रहे।

# रिसोर्ट से मोटरसाइकिल व माल गोदाम से स्कूटी चोरी

काशीपुर(उद संवाददाता)। पुलिस की लाख कोशिशें के बावजूद कोतवाली थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। इसी क्रम में दो अलग-अलग स्थानों से अज्ञात चोरों ने स्कूटी व एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर ग्राम धीमरखेड़ा थाना आईटीआई निवासी फारूख पुत्र नबन ने बताया कि बीते 20 जनवरी को दढियाल रोड पर बाजवा रिसोर्ट के पास से उसकी मोटरसाइकिल संख्या यूके 18 जी/8061 अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा दी गई। इसी तरह मधुबन नगर काशीपुर निवासी रचित अग्रवाल पुत्र ओमप्रकाश अग्रवाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 23 जनवरी को वह जरूरी कार्यवश माल गोदाम की ओर गया था इसी दौरान उसकी स्कूटी संख्या यूके 18 सी/7744 पर घात लगाए अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने बाइक चोरी के दोनों ही मामलों में तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# गणतंत्र दिवस समारोह में चली गोली, पीसीएस अधिकारी घायल

देहरादून (उद संवाददाता)। डोईवाला शुगर मिल में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान गोली चलने शुगर मिल के अधिशासी निदेशक वरिष्ठ पीसीएस अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह घायल हो गए। घटना के बाद शुगर मिल के सुरक्षाकर्मी को निलंबित करते हुए जांच कमेटी गठित कर दी गई है।घायल शुगर मिल के अधिशासी निदेशक का इलाज देहरादून के एक अस्पताल में किया गया। बताया जा रहा है कि शुगर मिल में ध्वजारोहण के बाद हर्ष फायरिंग की परंपरा है, इसी दौरान सुरक्षाकर्मी से ध्वजारोहण से पूर्व ही गोली चल गई। 312 बोर के छर्रे निकलकर अधिशासी निदेशक दिनेश प्रताप के पेट में लगे लेकिन घटना होने के बावजूद भी उन्होंने ध्वजारोहण किया। साथ ही राष्ट्रगान के पश्चात संविधान की शपथ भी दिलाई। इसके बाद अधिक खून बहने व दर्द बढ़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उनका उपचार किया। अधिशासी निदेशक दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि घटना के संबंध में जांच बैठाई गई है।

# बाबूलाल गुप्ता पंचतत्व में विलीन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के संस्थापक संरक्षक बाबूलाल गुप्ता की राजपुरा स्थित शमशान घाट में अन्त्येष्टि की गई,उनके दोनों पुत्रों गिरीश गुप्ता और राकेश गुप्ता के द्वारा मुखाग्नि दी गई, उनकी अंत्येष्टि में स्थानीय विधायक सुमित हिर्देश,लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिस्ट, कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत द्वारा घाट में पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। तीनों विधायकों द्वारा उनके व्यापारी हितों के लिए संघर्ष को याद किया, प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेशाध्यक्ष नवीन वर्मा ने संगठन का फ्लैग ओढ़ाकर पुष्पचक्र अर्पित कर संगठन की ओर से अंतिम श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने संगठन को खड़ा ही नहीं किया बल्कि व्यापारी हितों के अनेकों आंदोलन किये और व्यापारी हितों में सफलता दिलाई, उनके अंतिम यात्रा में संगठन कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल, चंद्रशेखर पंत, राजेश अग्रवाल, नैनीताल जिलाध्यक्ष और उनके चचेरे भाई विपिन गुप्ता, ऊधमसिंह नगर के ओमप्रकाश अरोड़ा,जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी,निर्मल हंसपाल, विनीत जैन,अश्विनी छाबड़ा, गुलशन छाबड़ा, राजेश बंसल, भीमताल से रामपाल गंगोला, पंकज जोशी, महानगर हल्द्वानी अध्यक्ष योगेश शर्मा, मनोज जायसवाल, पवन वर्मा, पवन जोशी सहित सैकड़ों व्यापारी प्रतिनिधियों नेअपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पेज एक का शेष...

**बाघ ने एक और..**ने बताया कि मौके पर वन कर्मियों की गश्त शुरू कर दी है। उच्च अधिकारियों की अनुमति के बाद हमलावर बाघ को पकड़ने के लिए घटनास्थल के आसपास पिंजरे लगाने के साथ ही कैमरा ट्रैप लगाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा नियमों अनुसार मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की कार्रवाई की जाएगी तथा उन्होंने सभी ग्रामीणों से अकेले जंगल में न जाने की भी अपील की है।

**कलयुगी पुत्र ने की..**उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अजय से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि वो अल्सर का मरीज है। उसे इंटरनेट से पता चला कि अल्सर खाने में जहर के कारण होता है। उसे शक था कि मां उसे खाने में जहर दे रही है। इससे वो आपा खो बैठा और मां की हत्या कर दी। आरोपी मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**हादसों में एक की..**अपने घर वापस आ रहे थे इसी बीच आमडंडा के समीप उनके स्कूटर की भिड़ंत एक वाहन से हो गई जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए तुरंत रामनगर के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दूसरी घटना में शनिवार की सुबह ग्राम गेबुआ पुल के समीप एक बाइक पर पीछे से एक कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के टकराने के बाद अचानक बाइक में भीषण आग लग गई और बाइक आग की भेंट चढ़ गई। इसके बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। दुर्घटना में कार सवार कुबेर निवासी गुड़गांव तथा बाइक सवार रिनू निवासी बन्ना खेड़ा बाजपुर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाया गया यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल रिनू की हालत गंभीर होने के चलते उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

**सड़क हादसे में ..**के अनुसार सूरजपुर नंबर एक गदरपुर निवासी 22 वर्षीय प्रियांशु सिंह पुत्र स्व. प्रेम सिंह 20 जनवरी को रूद्रपुर से गदरपुर जाते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें प्रियांशु गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका किच्छा रोड एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। शनिवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

**विवाहिता ने फांसी ..**जाता है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था इसके बाद महिला ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। मृतका के पति अभिषेक ने बताया कि वह अपनी पत्नी 21 वर्षीय सपना के साथ अपनी ससुराल ग्राम ढिकुली में ही रहता था। मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। घर में उसका छोटा बच्चा रो रहा था तो उसने अपनी पत्नी से उसे दूध पिलाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया और सपना ने अपने कमरे में जाकर कमरा बंद करते हुए फांसी लगा ली। जब काफी देर तक सपना कमरे से बाहर नहीं निकली तो पति व अन्य परिजनों ने किसी तरह से कमरे का दरवाजा खोला तो सपना मृत पड़ी हुई थी। इसके बाद परिजन तुरंत उसे उपचार के लिए अस्पताल लाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति ने बताया कि 4 वर्ष पूर्व ही उसकी सपना के साथ शादी हुई थी घटना के बाद पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है वहीं पुलिस द्वारा नायब तहसीलदार दयाल चंद्र मिश्रा की मौजूदगी में शव का पंचायत नामा करने की कार्रवाई की गई।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# भागवत कथा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से कल 28 जनवरी से गांधी पार्क में शुरू होने जा रही श्रीमद भागवत कथा से पूर्व शनिवार को सुंदर झांकियों के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गयी।इस दौरान कलश यात्रा से माहौल भक्तिमय हो गया। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के स्वामी उमेशानंद के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा का शुभारम्भ आवास विकास स्थित शिव मंदिर से हुआ। भजन कीर्तन के साथ कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए गांधी पार्क पहुंचकर सम्पन्न हुई कलश यात्रा में 551 महिलाएं कलश लेकर चल रही थी। इसके अलावा सुंदर झांकियों ने भी कलश यात्रा की शोभा बढ़ाई। इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान स्वामी उमेशानंद जी ने बताया कि 28 जनवरी से 3 फरवरी तक गांध ी पार्क में कथा व्यास साध्वी कालिन्दी भारती जी द्वारा श्रीमद भागवत कथा का रसपान कराया जायेगा। कलाश यात्रा में विशाल गोयल, प्रीत ग्रोवर, विकास शर्मा, संजय ठुकराल, बलविंदर अरोरा, राकेश मिगलानी, देवराज रहेजा, बलदेव, मनदीप सिंह, हिमांशु मौर्य, अनिल गुप्ता, राजू भट्ट सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## सिक्स सिग्मा में किया ध्वजारोहण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस में 75 वें गणतंत्र दिवस को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया द्य इस शुभ अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अत्यंत आकर्षक और मोहित कर देने वाले रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये द्य इस कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान की गाया। फार्मेसी प्रथम वर्ष की पलक एंड ग्रुप के छात्राओं ने देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। वहीँ जी.एन.एम. की छात्रा शैफाली ने इस अवसर पर भाषण प्रस्तुत किया, डिप्लोमा प्रथम वर्ष छात्र प्रियांशु टम्टा, जी.एन.एम छात्र अरुण ने देशभक्ति गाना प्रस्तुत किया। इसके पश्चात् जी.एन.एम. आंचल एंड ग्रुप ने सफल आयोजन हेतु बधाई दी। संस्थान की निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा ने कहा कि आज के युवा को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और समाज सुधारक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। संस्थान के प्रधानाचार्य महोदय ललित सिंह बिष्ट ने कहा कि भारत के



निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, प्रध ानाचार्य ललित सिंह बिष्ट , ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन, एवं साहिल छाबड़ा दीपिका देऊपा, सभी शिक्षको ने दीप प्रज्वल्लित कर माँ शारदे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस राष्ट्रीय शुभ अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती वंदना की, तत्पश्चात स्वागत गीत एवं बी.फार्मा छात्र नितिन ने नृत्य की प्रस्तुत की। इस पूरे कार्यक्रम में सम्पूर्ण संचालन जी.एन.एम के छात्र अरुण, शेफाली, मानसी, गुरलीन ने किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, को- चेयरमैन प्रीत ग्रोवर एवं प्रबंध निदेशक सी. ए. शिव अरोरा, मैनेजमेंट मेम्बर वंश डाबर, शौर्य अरोरा ने इस राष्ट्रीयपर्व के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का पूर्णता पालन करना चाहिए। इस कार्यक्रम कल पूर्ण संचालन मिली मंडल, बबीता यादव और दीपिका नेगी द्वारा किया गया एवं कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, कॉलेज ऑफ फार्मेसी, जी.एन.एम. एवं पैरामेडिकल के सभी शिक्षक- शिक्षकायें, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता) । श्री सनातन धर्म कर्‍या महाविद्यालय में देश का 75 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया । श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सबको बधाई दी गई। उन्होने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत हर क्षेत्र से उ-नति के शिखर पर है हम सबको मिल कर, इसकों और ऊचा ले जाकर विश्व गुरु बनाना है। विजय जग्गा एवं विजय मिड्डा ने शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया एवं भारत की महिमा एवं गौरव को बेजोड़ बताया। प्रधानाचार्या डा. सतविन्दर कौर ने कहा भारत का सविध ान विश्व का सर्वश्रेष्ठ सविधान है क्योकि इसमें स्वतन्त्रता, समानता एवं न्याय सर्वोप्परि है वहीं लचीलापन भी है। समय की मांग पर नए कानून भी बन सकते हैं । बीएसव के स्वर्ण पदक हों बनना । सर्वोपरि है वही लचीलापन नये एक्ट बन सकते है। उन्होने कहा पूरी दुनिया में भारत की जय जय कार हो रही है चाहे वह खेल हों या चन्द्रघ्यान 3 की सफलता या फिर राम मन्दिर। छात्राओं ने देशभक्ति गीतो भाषण, नृत्यों से सब का मन मोह लिया। छात्राओं को पढ़ाई में प्रथम द्वितीय तृतीय के तथा सास्कृतिक प्रतियोगिताओं में पुरस्कार भी दिये गये । बीए में प्रथम किरण बिष्ट, बीकाम में कृतिका सिंह, एमए अंग्रेजी में नेहा सिंह को प्रथम पुरस्कार मिला। कालेज की सर्वश्रेष्ठ छात्रा भावना को भी पुरुस्कृत किया गया । कार्यक्रम में सरपरस्त नन्द लाल भुड्डी, प्रबन्धक ओम प्रकाश अरोरा, जगनलाल नारंग, श्रीमती शशि, श्रीमती राज रानी, डा. शिल्पा, डा. ज्योति, डा. नीमा, डा. राप्ती, डा. रेखा, डा. विद्या, श्रीमती नीलू, श्रीमती प्रेरणा, श्रीमती सोनिया, कु. गुंजन, श्रीमती भावना, श्रीमती नेहा एवं समस्त छात्राएंव सनातन सभा क सदस्य गण मौजूद थे। डा. चंपा जग्गा एव डा. श्वेता ने सभी सास्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन किया।



## अमर शहीदों को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह शहर में विभिन्न



स्थानों पर स्थापित देश के अमर शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और पूर्व प्रधानमंत्रीयों की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अनिल शर्मा,चेतन भट्ट ,दिनेश मौर्य,कैलाश चंद्र,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाविप ने छात्रों को बांटे स्वेटर एवं ट्रैकसूट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा द्वारा संस्कृत विद्यालय रामपुर रोड तथा संस्कृति विद्यालय रेलवे बाजार के छात्रों को स्वेटर एवं ट्रैकसूट का वितरण किया गया। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने बताया कि भारत विकास परिषद इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों को नियमित रूप से करता रहता है। इसी के तहत रामपुर रोड में 50 तथा रेलवे बाजार में 60 छात्रों को ट्रैकसूट का वितरण किया गया। इसके पश्चात श्री राम मंदिर में भगवान श्री राम के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विद्यालय के छात्रों के साथ शाखा हल्द्वानी के सदस्य परिवारों ने सुंदरकांड का पाठ किया। इस मौके पर क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय महिला संयोजिका गीतू केसरवानी, सचिव डॉ अभिषेक मित्तल, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, उप सचिव सौरव अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, डॉ मोनिका मित्तल, मनोहर केसरवानी, दीपक बख्शी, गिरीश केसरवानी, राकेश अग्रवाल, हर्षित खंडेलवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।




## पंडित सुरेश शर्मा को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित सुरेश चंद्र शर्मा को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर ऊंचा पुल रामलीला ग्राउंड में समाज सेवा व ब्राह्मण सभा का उत्तम कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित



करने वालो में आचार्य प्रमोद कृष्ण कालिक पीठाधीश संबल, चेतन आनंद, आश्रम महाराज, ब्रह्मानंद महाराज हरिद्वार, पंडित विशाल शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मंत्री बंशीधर भगत, विधायक सुमित हृदेश, जोगेंद्र सिंह रौतेला ने स्मृति चिन्ह देकर सुरेश चंद्र शर्मा को सम्मानित किया। उनके साथ करीब 15 और महापुरुषों का स्वागत किया।

## अमर शहीदों को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर रूद्रपुर ब्लाक प्रमुख ममता जल्होत्रा ने रूद्रपुर ब्लाक परिसर मे ध्वजारोहण किया एंव युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर उपस्थित वीडिओ रेनू विष्ट, ग्राम विकास अधि कारी उमेश चन्द्र जोशी ,एडीओ पंचायत धीरेन्द्र पन्त, ग्राम पंचायत अधि कारी कीर्तिमलखानी ,विजय बहादुर यादव इत्यादी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सूचना विभाग में मनाया गणतंत्र दिवस

हल्द्वानी(उद संवाददाता) ।सूचना विभाग में 75 वां गणतंत्र दिवस धूमध ाम से मनाया गया। जिला सूचना अधिकारी ज्योति सुंदरियाल के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया और भारत के संविधान के प्रति सभी पत्रकारों को शपथ



दिलाई गई इस दौरान तारा जोशी, गुरमीत सिंह, विनोद कांडपाल, चंदन बिष्ट, योगेश शर्मा, हर्ष रावत, भूपेंद्र रावत, कुलदीप रौतेला, शैलेंद्र नेगी, वीरेंद्र पाल, अजय, रहमत एनसी जोशी, सर्वेंद्र बिष्ट सहित कई पत्रकार मौजूद थे।